**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 29.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन आज एक दिन के दौरे पर पुद्दुचेरी पहुंच रहे हैं।
- मुख्य सचिव सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने भारत को सेवा क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने का आह्वान किया।
- द्वीप पर्यटन महोत्सव के दौरान द्वीपों के विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है।
- माई भारत की ओर से कल फरारगंज और प्रातरापुर ब्लॉक के लिए ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन आज एक दिन के दौरे पर पुद्दुचेरी पहुंच रहे हैं। वे स्मार्ट सिटी मिशन के तहत आवासीय परियोजना का शुभारंभ करेंगे और कंबन कलईरंगन में लाभार्थियों को पांच आवासों की चाबी सौपेंगे। इसके बाद वे ईश्वरन कॉइल स्ट्रीट में भरतियार स्मारक पर महाकवि सुब्रह्मन्या भरतियार की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उपराष्ट्रपति कुमारगुरू पल्लम स्थल पर स्मार्ट सिटी मिशन आवासीय परियोजना के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। वे मूलाकुल्लम में पेटिट सेमिनार स्कूल के सीनियर सेकेंडरी ब्लॉक का उद्‌घाटन करेंगे। श्री राधाकृष्णन कलापेट में पुद्दुचेरी विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद वे तिरूवंतनपुरम के लिये रवाना हो जाएंगे और वहां कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सेवा क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए राज्यों से विनिर्माण और व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि जल्द ही राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन–एनएमएम की शुरुआत की जाएगी और हर राज्य को इसे उच्च वरीयता तथा वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए जरुरी व्यवस्था बनाना चाहिए। उन्होंने यह बात नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शासन और विनिर्माण में गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राज्यों से 'मेड इन इंडिया' लेबल को गुणवत्ता का पर्याय की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने केंद्र और राज्यों से मिलकर 100 उत्पादों की पहचान करने को कहा ताकि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं की आजीविका के लिए पर्यटन बहुत बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने राज्यों से कम से कम एक वैश्विक स्तर का पर्यटन स्थल बनाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक रोडमैप तैयार करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय खेल कैलेंडर को वैश्विक खेल कैलेंडर के साथ जोड़ना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि चूंकि भारत 2036 के ओलंपिक की मेज़बानी करने की तैयारी कर रहा है इसलिए उसे वैश्विक स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर और खेल तंत्र तैयार करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि योग्य बच्चों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास दुनिया का खाद्य भंडार बनने की क्षमता

है और देश को उच्च मूल्य वाली कृषि, बागवानी, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन की दिशा में बढ़ना चाहिए ताकि यह एक प्रमुख खाद्य निर्यातक बन सके। उन्होंने राज्यों से पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए ज्ञान भारतम मिशन का उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर राज्य को इस सम्मेलन की चर्चाओं के आधार पर 10 साल की कार्य योजना बनानी चाहिए, जिसमें 1, 2, 5 और 10 साल के लक्ष्य निर्धारित हों। इस तीन–दिवसीय सम्मेलन में जिन खास विषयों पर ज़ोर दिया गया उनमें शुरुआती बचपन की शिक्षा, स्कूली शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, खेल और पाठ्येतर गतिविधियाँ शामिल थे।

<><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव के दौरान कल प्रदर्शनी मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ रही। इस वार्षिक महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय पर्यटन और द्वीपों की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। कल के कार्यक्रम में मुख्यभूमि से आए कलाकारों ने कार्यक्रम पेश किए, जिसमें आदित्य नाट्य अकादमी और KRG कलै कावेरी स्कूल, दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कलाकारों ने सिंगारीमेलम, थेय्यम और मार्शल आर्ट्स, जम्मू–कश्मीर के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य 'बधेरबाई' शामिल थे। विकास अकादमी, बालकृष्ण नृत्य अकादमी और गौरी शंकर शास्त्रीय नृत्य अकादमी ने शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत किए। श्री विजयपुरम के अलावा विम्बर्लीगंज, हटबे, बाराटांग, रंगत और कार निकोबार में भी मुख्य भूमि और द्वीपों के स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।

<><><><><><>

माई भारत की ओर से कल फरारगंज ब्लॉक के लिए ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वॉलीबॉल, रस्साकशी, 100 मीटर दौड़, और टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गईं। नमुनाघर ग्राम पंचायत के प्रधान वेंकट राव ने अपने संबोधन में युवाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कन्यापुरम के प्रधान, पी. अब्दुल बशीर ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी प्रतिभा दिखाने और नेतृत्व गुण विकसित करने के लिए ऐसे अवसरों का उचित उपयोग करें। इसके अलावा प्रातरापुर ब्लॉक के लिए जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान में वॉलीबॉल और 100 मीटर दौड़ आयोजित की गई। माई भारत के संयुक्त निदेशक, एस. आर. विश्वास ने चरित्र निर्माण तथा युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली के प्रति प्रेरित करने में खेल और अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात की।

<><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग, जिला प्रशासन और ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से 'पॉज' पहल को सक्रिय रूप से लागू कर रहा है। इसका उद्देश्य लावारिस पशुओं का मानवीय, वैज्ञानिक और टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करना है। इस पहल के तहत एक ओरिएंटेशन–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग पशु जन्म नियंत्रण, नसबंदी और टीकाकरण जैसी आवश्यक चिकित्सा प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान कर रहा है। इस पहल के तहत शहीद द्वीप में 91 पशुओं का एबीसी कार्यक्रम के तहत उपचार किया गया, जबकि स्वराज द्वीप में 121 पशुओं को इस कार्यक्रम के दायरे में लाया गया। लोगों को कचरा प्रबंधन और विशेष रूप से पर्यटक समुद्र तटों पर 'डॉग फीडिंग ज़ोन' की पहचान करने के बारे में शिक्षित किया गया। मध्योत्तर अंडमान के लिए भी टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही रंगत और डिगलीपुर में भी नसबंदी और

जागरूकता अभियान शुरू किए जाएंगे। प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर लावारिस पशुओं की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर ERSS– 112 निर्धारित किया है। पशुपालन विभाग निवासियों, प्रधानों और गैर–सरकारी संगठनों से इस मानवीय दृष्टिकोण को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील करता है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

पूरे द्वीपसमूह में द्वीप पर्यटन महोत्सव के आयोजन के समाचार को अधिकांश समाचार पत्रों ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने ग्रेट निकोबार समग्र विकास पहलः वैश्विक व्यापार, सतत पर्यटन और राष्ट्रीय सुरक्षा का रणनीतिक संगम, सुर्खी के साथ ग्रेट निकोबार परियोजना के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने बिल्लीग्राउंड स्कूल मैदान में ब्लॉक स्तरीय खेल आयोजित करने के समाचार को अपने अखबार के निचले भाग में सचित्र प्रकाशित किया है। कृषि विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने जबकि नए साल पर बैरन द्वीप के लिए विशेष क्रूज सेवा के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने प्रमुखता से छापा है।

<><><><><><><>